# अजीमनगर पुलिस ने चोरी का किया खुलासा, कारपेंटर निकला चोर, लाखों के जेवर बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** थाना अजीमनगर पुलिस ने चोरी की एक बड़ी घटना का सफल अनावरण करते हुए आरोपी को चोरी किए गए शत-प्रतिशत माल के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण सहित नकदी बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, 9 मई 2026 को वादी द्वारा थाना अजीमनगर में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके घर से सोने-चांदी के जेवरात और करीब 16 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए हैं। इस संबंध में थाना अजीमनगर में मुकदमा अपराध संख्या 97/2026 धारा 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। एएसपी के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत



एएसपी के पर्यवेक्षण में अजीमनगर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, सुरागरसी और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने 10 मई 2026 को ग्राम नगलिया आकिल स्थित अब्दुल माजिद की राइस मिल के पास से आरोपी मोसिम पुत्र मुराद अली निवासी ग्राम नगला गणेश थाना अजीमनगर को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह कारपेंटर का काम करता है और उसने वादी के घर में अलमारी बनाई थी। लॉक बदलने के दौरान उसने अलमारी में रखे कीमती सामान को देख लिया था। इसके बाद उसने कई दिनों तक रेकी की और मौका पाकर घर में घुसकर चोरी कर ली।

पुलिस ने आरोपी के पास से सोने-चांदी के आभूषण, घड़ी और 1920 रुपये नकद बरामद किए हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना प्रभारी कर्म सिंह पाल, उपनिरीक्षक संतोष कुमार, हेड कांस्टेबल अनीस अहमद, दीपक कुमार और कांस्टेबल मोहम्मद उमर शामिल रहे।

# भाकियू ( महात्मा टिकैत ) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने संभल टोल विवाद पर जताया आक्रोश

■ किसानों ने मुरादाबाद में बड़े आंदोलन की दी चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मवीर सिंह यादव सोमवार को मिलक पहुंचे जहां नया गांव पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने फूल-माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए धर्मवीर सिंह यादव ने कहा कि 8 मई को भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के संभल जिला अध्यक्ष के.पी. यादव का टोल कर्मियों से विवाद हो गया था। इसके विरोध में उन्होंने अपने दो दर्जन साथियों के साथ टोल पर धरना दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन ने किसानों की आवाज दबाने के लिए थाना बिलारी में किसानों पर गंभीर धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर संभल के जिला अध्यक्ष केपी यादव सहित दो दर्जन लोगों को जेल भेज दिया। इसे उन्होंने पुलिस प्रशासन द्वारा किसानों के खिलाफ उत्पीड़न करार दिया।

धर्मवीर सिंह यादव ने कहा कि इस मामले को लेकर राष्ट्रीय नेतृत्व से बातचीत कर मुरादाबाद में एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को आंदोलन के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।

इस मौके पर किसान यूनियन महात्मा टिकैत के जिला अध्यक्ष ज्ञानपाल यादव, मंडल सलाहकार जाकिर नेता जी, राशिद अंसारी, नीरज शर्मा, ओतम सिंह यादव, हबीब अहमद, मनोज शर्मा, असलम बाबा, सर्वेश सक्सेना, मो. इकबाल सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुलिस हिरासत से फरार हुई अपहृता, तलाश में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** थाना सैफनी क्षेत्र से बरामद की गई एक नाबालिग अपहृता सोमवार को मिलक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से पुलिस को चकमा देकर फरार हो गई। उसे मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी मिलक लाया गया था। मेडिकल के दौरान ड्यूटी पर तैनात महिला हेड कांस्टेबल की नजर बचाकर अपहृता अस्पताल परिसर से अचानक गायब हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मिलक और सैफनी थाना पुलिस ने तुरंत आसपास के क्षेत्रों में नाकाबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया। पुलिस ने अस्पताल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच भी शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम लगातार खोजबीन कर रही है और आसपास की मार्केट व संभावित स्थानों पर भी तलाशी ली जा रही है। फिलहाल अपहृता का कोई सुराग नहीं मिल सका है।

# स्वस्थ रहने के लिए दिनचर्या में योग को शामिल करें : योगाचार्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** आयुष विभाग द्वारा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. मनोज आर्य के निर्देशन में "योग 2026" कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्थानों पर योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस "365 दिन योग" थीम के अंतर्गत किला मैदान में विशेष योग शिविर लगाया गया। आरोग्य मंदिर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर के योग प्रशिक्षक राजीव कुमार एवं अर्चना गुप्ता ने उपस्थित लोगों को सूक्ष्म व्यायाम एवं विभिन्न योगा. सन कराए। योगाचार्य राजीव कुमार ने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ रहे, इसी उद्देश्य से आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति अपनी दिनचर्या में योग को शामिल कर ले तो वह स्वयं अपनी सेहत की देखभाल कर सकता है। नियमित योग करने से भविष्य में होने वाली अनेक बीमा. रियों से बचाव संभव है। आयुष



विभाग द्वारा योग के प्रति व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है तथा देशभर में योग सेंटर संचालित किए जा रहे हैं। शिविर में भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम के साथ ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, कटि चक्रासन, शशकासन, मंडूकासन, वक्रासन, सेतुबंधासन, पवनमुक्तासन, उत्तानपादासन एवं हलासन सहित कई योगासन कराए गए। उपस्थित लोगों को प्रतिदिन योग अपनाकर स्वस्थ जीवन जीने का संद. ेश दिया गया।

# उद्यमी करेंगे प्रधानमंत्री के आह्वानों का पालन और प्रचार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** होटल रेडिएंस पार्क में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) रामपुर चौप्टर की मंथन बैठक आयोजित की गई, जिसमें उद्योगों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उद्यमियों ने उद्योगों को मिलने वाली विद्युत आपूर्ति में लगातार हो रही ट्रिपिंग, रोस्टिंग और कम सप्लाई की समस्या को प्रमुखता से उठाया। सदस्यों ने कहा कि वर्तमान समय में उद्योग गंभीर विद्युत संकट से गुजर रहे हैं। इस संबंध में शीघ्र ही एक प्रति. निधिमंडल विद्युत विभाग के एसई से मिलकर समाधान की मांग करेगा। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि कुछ पेशेवर शिकायतकर्ता प्रशासन में उद्यमियों के खिलाफ झूठी शिकायतें कर अनुचित दबाव बनाने और उत्पीड़न का प्रयास कर रहे हैं। सदस्यों ने प्रशासन से ऐसे लोगों को चिन्हित करने, शिकायतों की निष्पक्ष जांच के बाद ही संज्ञान लेने तथा झूठी शिकायत करने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार और प्रशासन लगातार उद्योगों के विकास तथा उद्यमियों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत हैं।



आईआईए चेयरमैन श्रीश गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पश्चिम एशिया संकट को देखते हुए देशवा. सियों से किए गए आह्वानों का उल्लेख करते हुए कहा कि सभी उद्यमी वर्क फ्रॉम होम, वर्चुअल मीटिंग, पेट्रोल की बचत, ई-व्हीकल और सौर ऊर्जा के उपयोग, विदेशी यात्राओं में कटौती, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा, खाद्य तेल एवं रासायनिक उर्वरकों के सीमित प्रयोग तथा प्राकृतिक खेती को अपनाने जैसे सुझावों का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। आईआईए इन विषयों के प्रचार-प्रसार के लिए होर्डिंग आदि भी लगाएगा।

बैठक में संरक्षक एस.के. गुप्ता सहित विपिन कुमार, रमेश अग्रवाल, आदर्श अग्रवाल, मनोज गर्ग, अजय अग्रवाल (सीए), विनय बंसल, वी.वी. शर्मा, मनोज गुप्ता, उमेश अग्रवाल, राजू गुप्ता, रामरक्ष पाल यादव, दिलीप रस्तोगी, विनीत कुमार, राजीव अग्रवाल और दिग्विजय सिंह सहित कई उद्यमियों ने अपने सुझाव रखे।

## आधार कार्ड संशोधन के लिए अतिरिक्त सेंटर खोलने की मांग, लोगों को हो रही भारी परेशानी

**( सुमित कश्यप )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** नगर में आधार कार्ड संशोधन और नए आधार बनवाने को लेकर लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी समस्या को देखते हुए कांग्रेस पार्टी के नगर अध्यक्ष शाजमान आर्यन ने जिलाधिकारी रामपुर से शाहाबाद में अतिरिक्त आधार सेवा केंद्र खोले जाने की मांग की है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से डीएम से अपील करते हुए कहा कि वर्तमान समय में पूरे तहसील क्षेत्र के लोगों को आधार संबंधी कार्यों के लिए लंबी लाइनें और कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है।

शाजमान आर्यन ने बताया कि पहले शाहाबाद के बीएसएनएल कार्यालय, डाकघर तथा ब्लॉक परिसर में आधार कार्ड संशोधन और नए आधार बनाने का कार्य



**शाजमान आर्यन**
**शाहबाद नगर अध्यक्ष कॉंग्रेस**

होता था, लेकिन काफी समय से इन स्थानों पर यह सेवा बंद पड़ी है। जानकारी करने पर पता चला कि बीएसएनएल कार्यालय और डाकघर की मशीनें खराब हैं, जबकि ब्लॉक में लगी मशीन केवल कैंप के दौरान ही संचालित होती है। वर्तमान में पूरे क्षेत्र में केवल यूनियन बैंक शाहाबाद में ही आधार संशोधन का कार्य हो रहा है, जहां रोजाना भारी भीड़ उमड़ रही है। उन्होंने कहा कि इस समय स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है, जिसके कारण अभिभावकों को बच्चों के आधार कार्ड बनवाने और संशोधित कराने की अधिक आवश्यकता पड़ रही है।

भीषण गर्मी में छोटे बच्चों को लेकर घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ता है, जिससे उनकी तबीयत खराब होने का खतरा भी बना रहता है। कई लोगों का नंबर पूरे दिन इंतजार करने के बाद भी नहीं आ पाता। नगर अध्यक्ष ने जिलाधिकारी से मांग की है कि शाहाबाद तहसील क्षेत्र में जल्द से जल्द अतिरिक्त आधार सेवा केंद्र शुरू किए जाएं, ताकि ग्रामीण और नगरवासियों को राहत मिल सके और लोगों को समय पर आधार संबंधी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

## अलग-अलग मारपीट की घटनाओं में चार गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** कोतवाली पुलिस ने सोमवार को अलग-अलग मारपीट की घटनाओं में चार लोगो को गिरफ्तार कर शान्ति भंग में चालान किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण मे तथा सी.ओ.मिलक के कुशल नेतृत्व मे कोतवाली पुलिस द्वारा अलग-अलग ग्रामो में हुई मारपीट की घटनाओं में मारपीट पर आमादा अभियुक्तगण सतीश पुत्र हरि चन्द्र (30) निवासी ग्राम ऐमी, आक्रोश गंगवार पुत्र प्रेमपाल निवासी ग्राम भैसोड़ी, ब्रिजेश पुत्र मलखान (40) निवासी ग्राम खुटिया और विजयपाल पुत्र अंगनलाल (38,)थाना मिलक जनपद रामपुर सम्बन्धित धारा 170/126/135 भा.ना.सु.सं. में मारपीट पर आमदा फसाद होने के कारण गिरफ्तार कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया।

# एसपी ने जनसुनवाई कर सुनी फरियादियों की समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित कर फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं, जिनमें भूमि विवाद, मारपीट, पारिवारिक विवाद तथा अन्य शिकायतें शामिल रहीं। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा किसी भी शिकायत में लापरवाही न बरती जाए। इस दौरान



पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी निर्देशित किया गया कि फरियादियों के साथ संवे. दनशील व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनें और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के माध्यम से आमजन को अपनी समस्याएं सीधे पुलिस प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिला।

# मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान, विद्यालय में खुशी का माहौल

**( सुमित कश्यप )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** क्षेत्र के श्री डालचन्द शर्मा इण्टर कॉलेज में सोमवार को हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में विद्यार्थियों को शील्ड प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।

विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनके अभिभावकों, शिक्षकों और पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को भविष्य में भी इसी लगन और परिश्रम के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित




किया। विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता केपी सिंह ने कहा कि परीक्षा में सफलता केवल अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के संघर्ष, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयासों का परिणाम होती है।

उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास की सबसे बड़ी शक्ति है।

कार्यक्रम में मोहनलाल, मक्खनलाल, अमित कुमार शर्मा, विष्णु कुमार, नाजिम अली, जहीन मियां, आकाश शर्मा, स्निग्धा शर्मा, कशिश प्रजापति, आकांक्षा उपाध्याय, कल्पना भारती, अनुराधा यादव, अंकुश बाबू, कृष्णपाल, अनुज कश्यप, शाकिब खान, शीतल, हिना, शिवानी, सुरभि, इकरा, सौफिया और नेहा सहित विद्यालय परिवार के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। समारोह के अंत में सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

# बन्दार के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ने हज यात्रा पर जा रहे हाजियों को दी मुबारकबाद



**( सुमित कश्यप )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** क्षेत्र के ग्राम बन्दार निवासी एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता शमसुद्दीन मालिक हज यात्रा के लिए रवाना हो गए।

उनके हज पर रवाना होने से गांव एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल देखने को मिला। रवाना होने से पूर्व उनके आवास पर शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा। लोगों ने फूलमालाएं पहनाकर और गले मिलकर उन्हें मुबारकबाद दी तथा सकुशल यात्रा की दुआ की।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य नुसरत बेग, कांग्रेस जिलासचिव शाहवेज खान, नगर अध्यक्ष कांग्रेस शाहाबाद शाजमान आर्यन तथा चांद मियां समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने शमसुद्दीन मालिक को हज यात्रा की बधाई देते हुए कहा कि हज इस्लाम का एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्तंभ है और यह यात्रा इंसान को भाईचारे, इंसानियत और शांति का संदेश देती है। मेहमानों ने शमसुद्दीन मालिक से देश और क्षेत्र में अमन-चौन, खुशहाली एवं तरक्की के लिए दुआ करने की अपील भी की। इस दौरान उनके आवास पर सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों की काफी भीड़ रही।

उपस्थित लोगों ने कहा कि शमसुद्दीन मालिक हमेशा समाजसेवा और लोगों की मदद के लिए आगे रहते हैं, इसलिए क्षेत्रवासियों में उनके प्रति विशेष सम्मान है। रवाना होने से पहले शमसुद्दीन मालिक ने सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह हज यात्रा के दौरान देश की तरक्की, भाईचारे और क्षेत्र की खुशहाली के लिए विशेष दुआ करेंगे।

**सूचना**

मेरा नाम आधार कार्ड और पैन कार्ड में Mujeeb Miyan है जो कि सही है जबकि ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम Muzeeb Miyan हो गया है। मेरा सही नाम Mujeeb Miyan है मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**मुजीब मियां पुत्र शाकिर मियां निवासी म.सं.3 मोहल्ला खाता कलां मिलक जनपद रामपुर उ.प्र.**

# जनहित में सड़क सुरक्षा को लेकर कांग्रेस नेताओं ने डीएम को सौंपा संयुक्त ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं एवं आमजन की सुरक्षा को लेकर कांग्रेस नेताओं ने जिलाधिकारी रामपुर को संयुक्त ज्ञापन सौंपकर सड़क सुरक्षा के ठोस इंतजाम किए जाने की मांग की। यह ज्ञापन पूर्व विधायक बिलासपुर संजय कपूर एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा "निक्कू पंडित" के संयुक्त नेतृत्व में दिया गया।

ज्ञापन में कहा गया कि रामपुर, बिलासपुर एवं आसपास के क्षेत्रों से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर आए दिन गंभीर सड़क हादसे हो रहे हैं, जिनमें कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। नेताओं ने आरोप लगाया कि हाईवे कट, अवैध यू-टर्न, निर्माणाधीन मार्ग, डायवर्सन और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने



से दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर मनकरा मोड़ कट, मोगा ढाबा के सामने स्थित कट, बिलासपुर नवीन मंडी के पास एवं मन्नत गार्डन के सामने स्थित कट को अत्यधिक दुर्घटना संभावित बताते हुए तत्काल सुरक्षा उपाय लागू करने की मांग की। साथ ही रामपुर शहर के कई प्रमुख मार्गों, पुलों और मोड़ों पर भी सड़क सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने की आवश्यकता जताई गई। ज्ञापन में रात्रि प्रकाश व्यवस्था, रिफ्लेक्टर, चेतावनी संकेतक, रम्बल स्ट्रिप एवं स्पीड कंट्रोल उपाय लागू करने की मांग की गई। राम रहीम पुल पर भारी वाहनों की आवाजाही रोकने हेतु मजबूत बैरियर लगाए जाने की भी मांग उठाई गई। इस दौरान मती उर रहमान खान "बबलू", बाकर अली खान, शकील मंसूरी, साहिर रजा खान, शारीब अली खान सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं का सपा कार्यालय पर प्रदर्शन, सांसद नदवी के खिलाफ नारेबाजी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को भाजपा और सपा आमने-सामने नजर आए। शहर के तोपखाना गेट स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। भाजपा नेताओं और महिला कार्यकर्ताओं ने रामपुर सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान "नारी शक्ति का स्वाभिमान, विपक्ष ने फिर किया अपमान" जैसे नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर धरना प्रदर्शन किया। भाजपा नेताओं का आरोप था कि विपक्ष लगातार महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले बयान दे रहा है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन में पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी समेत भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं। प्रदर्शन को देखते हुए सपा कार्यालय के आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया।

प्रशासन पूरी तरह अलर्ट दिखाई दिया ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।

# विधायक शफीक अहमद अंसारी ने किया जनसंपर्क, सुनीं जनता की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** विधायक शफीक अहमद अंसारी ने सोमवार को क्षेत्र का दौरा लोगो से जनसंपर्क किया। विधायक ने ग्राम सोनकपुर में सिफ्ते हसन के आवास पर जनता को संबोधित किया लोगों ने फूल मालाओं से विधायक का स्वागत किया उसके बाद डा. अकबर अली के आवास पर लोगो से मुलाकात की एवं गांवों और मोहल्लों में जाकर सीधे जनता से मुलाकात की उसके बाद विधायक ग्राम खेमपुर में अख्तर अली सेठ के आवास पर पहुंचे और वहां मौजूद भारी संख्या में मौजूद लोगों ने पटाखों एवं फूल मालाओं के उनका स्वागत किया। जनसंपर्क अभियान में विधायक अंसारी ने घर-घर जाकर लोगों से बातचीत की। इस दौरान बिजली, पानी, सड़क और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं सामने आईं।

उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों को नोट कर लिया गया है और प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। जनता की सेवा ही मेरा पहला कर्तव्य है। मिशन 2027



के तहत स्वार-टांडा को विकास में नंबर वन बनाना है। जनसंपर्क के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग साथ रहे। लोगों ने विधायक के क्षेत्र में सक्रिय रहने की सराहना की। विधायक अंसारी ने कहा कि ऐसे जनसंपर्क कार्यक्रम लगातार जारी रहेंगे ताकि हर नागरिक तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे।

वहां मौजूद लोगों में। सिफ्ते हसन अल्वी,डॉ अकबर अली, राम भरोसे सैनी, प्रधान अख्तर अली सेठ, रफीक ठेकेदार , रियाजुल सेठ , जुल्फे कंडक्टर, तौफीक अल्वी, बाबू अली अल्वी, नाहिद खां,इस्लाम मेंबर,हामिद अल्वी, फैजान बल्ली, मुर्शद अली, सिकंदर, इरशाद अली, अकबर अली, कमरुद्दीन, सुभान, राकेश सैनी, रामा सैनी, रतन लाल, नीरज सैनी, आरिफ प्रधान, वाजिद अली, ताज मोहम्मद, कमरुद्दीन अल्वी सुभान पाशा नक्शे अल्वी सुभान पाशा, कार्यालय प्रभारी इदरीस पठान मौजूद रहे।

# एक नफर वारंटी को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** सोमवार पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर रविवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी आरिफ पुत्र कल्लन निवासी रसूलपुर फरीदपुर को उसके मसकन से गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली टीम मेंउ.नि.आदर्श कुमार गुप्ता, है.का. महिपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# अटेवा पेंशन बचाओ मंच की संगोष्ठी में संगठन विस्तार पर जोर, नए पदाधिकारियों का सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच के तत्वावधान में बिलासपुर रोड स्थित द स्टार वर्ल्ड कॉफी हाउस में संगठन विस्तार एवं नवीन पदाधिकारियों के सम्मान हेतु संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षकों, कर्मचारियों और संगठन के सक्रिय सदस्यों ने भाग लिया। संगोष्ठी के दौरान संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से नए दायित्वों की घोषणा की गई। इसमें हरद्वारी लाल को जिला सलाहकार, वकील अहमद को जिला उपाध्यक्ष, पंकज कुमार को ब्लॉक मंत्री मिलक तथा रामदेव गंगवार को ब्लॉक अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया।सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष दिगपाल गंगवार ने किया। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों की आर्थिक सुरक्षा और सम्मानजनक भविष्य की आधारशिला है।



उन्होंने कर्मचारियों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष रविन्द्र आर्य, जिला प्रवक्ता सुनील गंगवार, एमपी सिंह, प्रमोद गंगवार, अनुपम पटेल, स्वराज यादव, चूरामणि गंगवार, वीरेंद्र दिवाकर, अरविंद कुमार, ब्रजेश पाठक, उपेंद्र गौड़, पूनम गंगवार, अतर सिंह सहित अनेक शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। संगोष्ठी का समापन "एकता ही शक्ति है" और "पुरानी पेंशन हमारा अधिकार है" जैसे नारों के साथ हुआ।

# नाबालिग बेटी के अपहरण का आरोप, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** रामपुर थाना क्षेत्र के गांव दनियापुर से एक 14 वर्षीय किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता ने गांव में ही व्यापारिक साझेदारी करने वाले युवक पर बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। गांव दनियापुर निवासी पप्पू पुत्र वीर सिंह ने थाना सैफनी में दी तहरीर में बताया कि 21 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब एक बजे वह अपनी पत्नी और 14 वर्षीय पुत्री नीलम के साथ घर में सो रहे थे। कुछ देर बाद जब उनकी आंख खुली तो बेटी घर में नहीं मिली। परिवार ने आसपास तलाश की तो पता चला कि घर में रखा मोबाइल फोन भी गायब है, जिसे नीलम अपने साथ ले गई है। मोबाइल फोन लगातार स्विच ऑफ आ रहा है।

पीड़ित पिता का कहना है कि उन्होंने रिश्तेदारों, परिचितों और आसपास के गांवों में काफी खोजबीन की, लेकिन बेटी का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उन्होंने थाना सैफनी पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी।तहरीर में पप्पू ने आरोप लगाया कि गांव में उनके साथ चोकर के व्यापार में साझेदारी करने वाला सुखदीप, जो मूल रूप से जनपद पीलीभीत का रहने वाला है, उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। उन्होंने बताया कि घटना से एक दिन पहले 20 अप्रैल की देर रात सुखदीप पिकअप गाड़ी लेकर चंदौसी में भात कार्यक्रम में जाने की बात कहकर निकला था। उन्होंने उसे रात में जाने से मना भी किया था, लेकिन वह नहीं माना।

घटना के बाद से सुखदीप भी वापस नहीं लौटा और उसका मोबाइल भी बंद बताया जा रहा है। पीड़ित पिता ने पुलिस से बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। थाना सैफनी पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है तथा किशोरी और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में भी जानकारी जुटा रही है।

# महिला आरक्षण बिल को लेकर सपा ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** महिला आरक्षण बिल को लेकर समाजवादी पार्टी ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा है। सांसद प्रतिनिधि महबूब अली पाशा ने जारी बयान में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाया गया महिला आरक्षण बिल बिना सामाजिक न्याय के अधूरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जानबूझकर महिला आरक्षण को लागू करने में देरी कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में सदन में सर्वसम्मति से पारित महिला आरक्षण बिल को वर्ष 2027 से लागू करने की बात कही गई थी, लेकिन सरकार की नीयत इसे लागू करने की नहीं दिख रही। सपा का मत है कि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के भीतर ओबीसी, एससी और अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं के लिए अलग से कोटा सुनिश्चित किया जाए, ताकि पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को भी प्रतिनिधित्व मिल सके। सपा नेताओं ने जनगणना और परिसीमन की शर्तों को भी सवालों के घेरे में



बताते हुए कहा कि यह बिल महिलाओं को अधिकार देने के बजाय चुनावी मुद्दा बनाने के उद्देश्य से लाया गया है। बयान में उत्तर प्रदेश में बढ़ते महिला अपराध, महंगाई, बेरोजगारी, गैस सिलेंडर के दाम, किसानों की समस्याओं और स्मार्ट मीटर के जरिए बढ़े बिजली बिलों का मुद्दा भी उठाया गया। सपा ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर अराजकता फैलाने और जनता का ध्यान मूल मुद्दों से भटकाने का आरोप लगाया। साथ ही दावा किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा सरकार को जवाब देगी और अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश में सरकार बनेगी।

# व्यापार मंडल ने निजी स्कूलों की मनमानी 19 को पदयात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** तहसील क्षेत्र के निजी विद्यालयों द्वारा अभिभावकों के आर्थिक शोषण और नियमों की अनदेखी के खिलाफ उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को व्यापार मंडल के नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली के नेतृत्व में व्यापारियों ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर स्कूलों की मनमानी रोकने की मांग की। चेतावनी दी गई कि यदि 18 मई तक कार्रवाई नहीं हुई, तो 19 मई को स्वार से रामपुर जिला मुख्यालय तक पदयात्रा निकाली जाएगी।व्यापार मंडल ने ज्ञापन में कहा कि निजी स्कूलों द्वारा बच्चों को अगली कक्षा में भेजने के नाम पर दो हजार से 7 हजार रुपये तक अवैध वसूली की जा रही है, जो शासनादेश के विरुद्ध है,ट्यूशन और वार्षिक शुल्क में बिना किसी ठोस आधार के 30 से 50 फीसदी तक की बढ़ोतरी कर दी गई है।,एनसीईआरटी के बजाय महंगी



निजी प्रकाशकों की किताबें थोपी जा रही हैं। साथ ही, अभिभावकों को चिह्नित दुकानों से ही सामान खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

अध्यक्ष अनवर अली ने कहा कि ष्जनता की गाढ़ी कमाई की लूट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मिशन 2027 के विकास दावों के बीच शिक्षा का बाजारीकरण बर्दाश्त से बाहर है।

उन्होंने मांग की कि दोषी स्कूलों पर जुर्माना लगाया जाए और उनकी मान्यता रद्द की जाए। यदि 18 मई तक समाधान नहीं हुआ, तो मंगलवार सुबह 8 बजे भारी संख्या में लोग पदयात्रा कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे।ज्ञापन सौंपने वालों में अनवर अली, नगर सचिव फुरकान अली, अली रेहान अली, महासचिव मुशर्रफ अली, गगन सचदेवा, इरफान भाई सहित कई पदाधिकारी व अभिभावक मौजूद रहे।

## सूचना

मैंने अपने पुत्र इस्माईल खां उर्फ इस्माल खां को गलत आचरण के चलते अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिया है भविष्य में मुझसे व मेरे परिवार से उसका कोई संबंध नहीं रहेगा अपने कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**रूखसाना पत्नी स्व.इब्बन**
**निवासिनी निकट मदीना मस्जिद**
**थाना टीन थाना गंज रामपुर।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज**
**क.ख. महोदय जनपद रामपुर**
**सि.विविध वाद सं.-56/2026**
**याकूब खां व दो अन्य**
**बनाम बलजीत सिंह व 9 अन्य**

नोटिस **बनाम** आम जनता मौजा बिलासपुर कस्बा व तहसील बिलासपुर जिला रामपुर।

वादीगण याकूब खां, अरशद व मौ. फैजान ने बलजीत सिंह, श्रीमती हरसरन कौर, भूपेन्द्र सिंह, हरजीत सिंह, बलबीर बाबा, नबी हसन, सलीम अहमद, नरेन्द्र कुमार, मुफाईद अली व मौ. हसन के खिलाफ एक नालिश बाबत स्टे कब्रिस्तान आराजी खतौनी संख्या 00538 गाटा संख्या 227 रकबई-1.113 हे. लगानी शून्य स्थित राजस्व ग्राम बिलासपुर तहसील बिलासपुर जिला रामपुर की बाबत दायर की है और यह नालिश प्रतिनिधि वाद के रूप में दायर की गयी है। मौजा बिलासपुर कस्बा व तहसील बिलासपुर की आम जनता को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि उक्त आम जनता के किसी बाशिन्दे को उक्त कब्रिस्तान आराजी गाटा संख्या 227 की बाबत कोई उजदारी करनी हो तो वह अदालत हाजा में असालतन या वकालतन दिनांक 14/05/2026 को या इससे पूर्व अदालत में हाजिर होकर चारा.जोही करे।

यह सम्मन आम जनता आज दिनांक 11/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज क.ख.**
**जनपद रामपुर**

## श्री राधा कृष्ण मंदिर ट्रस्ट के भव्य कार्यक्रम ने छोड़ी अमिट छाप

# केनरा बैंक पिपला शिव नगर के फील्ड ऑफिसर का विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** तहसील के ग्राम पिपला शि.वनगर में आयोजित श्री राधा कृष्ण मंदिर ट्रस्ट के भव्य एवं गरिमामयी कार्यक्रम ने सामाजिक एकता, सम्मान और संस्कारों की अद्भुत मिसाल पेश की। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु ट्रस्ट के सभी सम्मानित सदस्यों एवं अध्यक्ष को क्षेत्रवासियों ने हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभा में उपस्थित ग्रामवासियों की ओर से स्थानांतरित हुए फील्ड ऑफिसर शशांक मिश्रा का जो आत्मीय सम्मान किया गया, वह केवल एक व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे ग्राम पिपला शिवनगर की भावनाओं का प्रतीक था।

ग्रामीणों द्वारा प्रदर्शित यह सम्मान और अपनापन समाज में सकारात्मक प्रेरणा देने वाला संदेश बन गया। माना जा रहा है कि अधिकारी भी इन स्नेहपूर्ण क्षणों को जीवनभर स्मरण रखेंगे। कार्यक्रम में सामाजिक सौहार्द, आपसी प्रेम और सम्मान की भावना



स्पष्ट रूप से दिखाई दी। सभी सम्मानित बंधुओं के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए वक्ताओं ने इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। मंच संचालन कर रहे ओजस्वी वक्ता ब्रह्मानंद मिश्रा ने अपनी प्रभावशाली वाणी से कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। उनकी उत्कृष्ट वक्तृत्व कला और प्रभावशाली संचालन की उपस्थित लोगों ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर श्याम सुंदर पाठक, राजेश तिवारी, मिंटू तिवारी, आलोक पाठक, विमल मिश्रा,अनुराग पाठक, देवेंद्र गंगवार, राजीव मिश्रा, राजमोहन तिवारी, सुधीर शुक्ला, मुनीश चंद शुक्ला, एकांत दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

# श्यामबाबू शर्मा बनें माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडल उपाध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने संगठन विस्तार के क्रम में बड़ा निर्णय लेते हुए आर्य विद्यालय इंटर कॉलेज, मिलक, जिला रामपुर के वरिष्ठ प्रवक्ता श्याम बाबू शर्मा को मुरादाबाद मंडल का उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।

संगठन द्वारा जारी मनोनयन पत्र में कहा गया है कि शर्मा की संगठन के प्रति निष्ठा एवं समर्पण को देखते हुए प्रदेश संरक्षक राजबहादुर सिंह चंदेल एवं प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायण सिंह की अनुमति से यह दायित्व सौंपा गया है। मनोनयन पत्र, प्रदेश उपाध्यक्ष विमलेन्द्र शर्मा एवं कोषाध्यक्ष महेश चन्द्र शर्मा एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओम प्रकाश जी द्वारा सौंपा गया। नव-मनोनीत मंडलीय उपाध्यक्ष श्यामबाबू शर्मा को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

संघ के पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की है कि शर्मा मुरादाबाद मंडल में संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगे तथा शिक्षक हितों के लिए पूर्ण मनोयोग से कार्य करेंगे। शर्मा के मनोनयन से मंडल के शिक्षकों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

इस दौरान जिला अध्यक्ष मनोज कुमार, जिला मंत्री पीयूष श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

# एसबीआई कर्मचारियों का प्रदर्शन, 25-26 मई को हड़ताल का ऐलान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन के कर्मचारियों ने सोमवार को क्षेत्रीय कार्यालय रामपुर में प्रदर्शन कर बैंक प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उनकी लंबित मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है। क्षेत्रीय सचिव धनराज ने कहा कि मांगें पूरी न होने तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने 25 और 26 मई को देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया।

कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में भर्ती प्रक्रिया शुरू करना, मेडिकल सुविधाओं में सुधार, आउटसोर्सिंग बंद करना और इंटर सर्किल ट्रांसफर लागू करना शामिल है। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में बैंक कर्मचारी मौजूद रहे।

